**खबर संक्षेप**

## संसार में रहकर हमें भी हमारे कर्तव्य से विमुख नहीं होना चाहिए- पं. संतोष शास्त्री

**मण्डला।** पदमी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन की कथा में पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने कहा कि गोपियों और भगवान कृष्ण के बीच का परम प्रेम कहीं ओर देखने नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि भगवान योगेश्वर हैं। उनके चरित्र से हमें शिक्षा मिलती है कि किस प्रकार इतनी सारी गोपियों के बीच रहकर वे किसी प्रकार से विचलित नहीं हुए। इसी प्रकार संसार में रहकर हमें भी हमारे कर्तव्य से विमुख नहीं होना चाहिए। कृष्ण-गोपियों के वृतांत को सुनकर जनता भावुक नजर आई। शास्त्री जी ने कहा कि जो सातों दिन श्रीमद्भागवत कथा को सुनता है और उसके आचरण जीवन में उतारता है, तो कथा सुनने का उद्देश्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जीवन ईश्वर का दिया हुआ है और हमको अपने जीवन में उसके बनाये नियमों का भी पालन करना चाहिए तथा भारतीय जीवन शैली के अनुसार अपना आचरण करते हुए ईश्वर के चरणों में जीवन समर्पित करना चाहिए। भगवान के कृष्ण के भजनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। आयोजकों ने बताया कि 24 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक पानी टंकी के पास, पदमी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री द्वारा प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की संगीतमयी कथा सुनाई जा रही है। कल 1 दिसम्बर को पूजन, हवन एवं भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।


## महाआरती के कार्यकर्ताओं की राज्यपाल ने प्रशंसा की

**मण्डला।** माँ नर्मदा के पावन धाम पधारे राज्यपाल कर्नाटक थावरचंद गहलोत माँ नर्मदा का किया पूजन अर्चन महा आरती (मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में राज्यपाल की अगवानी करने का सूचना सन्देश का यहा शुभ अवसर प्राप्त हुआ) ने माँ के श्रद्धा भक्ति आस्था के इस पावन धाम में कार्य करने हेतु विगत 24 वर्षों से चलने वाली महा आरती के जन जागरण प्रदूषण मुक्ति अभियान और विकास कार्यों के लिए नर्मदा भक्तों माँ रेवा सेवा महा आरती आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेश कछवाहा को आत्मीय आशीर्वाद प्रदान किए और कहा कि बेटा आपने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय माँ नर्मदा के धाम का कार्य करके अपने जीवन को सफल और सार्थक बना दिया है मण्डला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आत्मीय परिचय कराते हुए हमारे अनेक वर्षों से करते आए श्रमदान मेहनत परिश्रम की माननीय सर के सामने अवगत कराया यह यादगार अविस्मरणीय पल हम नर्मदा भक्तों को एक आत्म बल और संजीवनी देने का कार्य करेगा।

### मवई वनांचल में कार्यालयीन समय की अनदेखी कर रहे अधिकारी

# समय पर नही पहुंच रहे अधिकारी






*** शिक्षा विभाग में लापरवाही का आलम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा समय पर सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को कार्यालय मैं पहुंचने के आदेश का पालन सख्ती से होता दिखाई नही दे रहा है। कार्यालय खुलने का समय हो या कार्यालय बंद होने का। अधिकारी और कर्मचारी अपने पूर्ववत समय 11-12 बजे तक कार्यालय मैं पहुंचने के आदत से लचर नजर आ रहे है।

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अधिकारियों को कार्यालय मैं उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन मवई मुख्यालय के खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री के आदेश की अवहेलना कर लगातार आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### खंड शिक्षा अधिकारी के कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

खंड शिक्षा अधिकारी, यानी ब्लॉक एजुकेशन ऑफ़िसर, का मुख्य काम अपने ब्लॉक में आने वाले सभी स्कूलों का निरीक्षण करना। खंड शिक्षा अधिकारी को नीतियों को लागू करना, स्कूल संचालन की निगरानी करना और शैक्षिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी होता है। लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी मवई के द्वारा अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। ना तो उनके द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। ना स्कूलों की निगरानी कर पा रहे है।और ना ही शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पा रहे है। जहां विगत कई महीनो से मवई के शठिया ग्राम मैं लापरवाह शिक्षको के द्वारा खुद स्कूल ना जाकर किराए के टीचर के द्वारा कई महीनो से स्कूल का शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा था। कई महीनो से इस तरह का काम शिक्षा अधिकारी के नाक के नीचे हो रहा था लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी को इसकी भनक तक नही लगी। जहा जानकारी देने के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा लापरवाह शिक्षको के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई। बल्कि पूरे मामले को खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा दबाने की भरपूर कोशिश की गई। जब मुख्यालय के पास के स्कूलों का ये हाल है।तो दूरदराज के स्कूलों का क्या हाल होगा आप अंदाजा लगा सकते है।जहा लगातार खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षा के स्तर को लगातार गर्त मैं पहुंचने का काम किया जा रहा है।क्या ऐसे लापरवाह शिक्षको और खंड शिक्षा अधिकारी के ऊपर जिले के अधिकारी कोई कार्यवाही करेंगे या यूं ही धृतराष्ट्र बने शिक्षा के गिरते हुए स्तर को देखते रहेंगे।



### कार्यालयीन समय में नही पहुंच रहे खंड शिक्षा अधिकारी

स्कूल संचालन की बात हो या शैक्षणिक गुणवत्ता की बात हो या जहां खंड शिक्षा अधिकारी ही अपने टाइम पर कार्यालय नही पहुंचे तो बाकी स्टाफ या शिक्षको से क्या ही उम्मीद करना। जी हा मामला मण्डला जिले से 100 किलोमीटर दूर वनांचल मवई का जहां खंड शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे है। जो अपडाउन के कारण कार्ययालीन समय पर कार्यालय नही पहुंच पा रहे है जिसके कारण शिक्षा से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे। समय पर कार्यालय ना पहुंचने के कारण वे ना तो आसपास के स्कूल का निरीक्षण कर पा रहे है और ना ही शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान दे पा रहे है जिसके कारण आसपास के स्कूल मैं शिक्षा का स्तर लागतार कम होते जा रहा है और स्कूली छात्रों का स्कूल से मोहभंग होते जा रहा है।

## विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र घुघरी में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी



जनपद शिक्षा केंद्र घुघरी में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशन में एवं एक दिवसीय विश्व विकलांग दिवस में सांस्कृतिक एवं खेल कूद में। विविन्न विधावो में कार्यक्रम किया गया सर्वप्रथम विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलएस वी के प्र एवम डीपी सी अरविंद विश्वकर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें जलेबी दौड़ बास्केट बाल एवं रंगोली प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ ड्राइंग चित्रकला समर्थ प्रदर्शन का आयोजन किया गया तत्पश्चात समापन की बेला में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानिए मरावी उपाध्यक्ष सहारे लाल करछम जनपद सदस्य कमल मरावी नीरज मरकाम मंडल अध्यक्ष शंभू साहू एवं सभी जनपद सदस्यों के द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्राओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त। करने वालो को पुरुस्कार वितरण किया गया एवं स्वल्पाहार bitrad किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिकास खंड शिक्षा अदिकारी विकासखंड स्रोत समन्वयक हर्ष जोशी बीएससी खिलेश्वर प्रसाद बाबा कार्यक्रम के प्रभारी बसंत झरिया अनिता राहंगडाले राम यादव लोकेश सकय जन शिक्षक पुष्पेंद्र तिवारी देवी दयाल दुबे दिनेश सिंह रहा दुर्जन मरावी लतीफ खान अजय पांडे बुधराम मसराम अंतरंग तरम अमित अरे ले एवम शिक्षकों का सहयोग रहा मंच संचालन पूरन साहू एवं शशांक मिश्रा के द्वारा किया गया।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 दिसंबर को

**मण्डला।** जिला लोधी क्षत्रिय समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 08 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय यह आयोजन नेशनल हाइवे 30 से लगे पदमी के तपसी आश्रम में संपन्न होगा। जिसकी तैयारी के लिए 2 दिसंबर को 12 बजे से पदमी में बैठक रखी गई है। कार्यक्रम जिला लोधी क्षत्रिय समाज एवं आलोक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रचार-प्रसार व्यवस्था, भोजन, सम्मानित करने के लिए दिए जाने वाली सामग्री आदि की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। आलोक जिला अध्यक्ष बाल सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन रखा गया है। जिसमें समाज के शिक्षा, खेल, समााजिक व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। वर्ष 2024 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### आयोजन | आयोजन में शामिल हुये कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ।

# निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव

*** विजेता प्रतियोगियों को किया गया पुरस्कृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल मण्डला के वार्षिक खेल उत्सव में सहभागिता की। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में खेलों का अत्यधिक महत्व होता है। खेल हमें अनुशासन के साथ-साथ एक टीम के रूप में समन्वय करने की शिक्षा भी देते हैं। अपने काम के प्रति ईमानदार रहें, अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहें, सपने देखें एवं उनको पूरा करने के लिए हमेशा प्रयास करें। उन्होंने पालकों का आव्हान किया कि बच्चों को पर्याप्त अवसर प्रदान करें तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए समुचित सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि खेल से व्यक्तित्व का विकास होता है। खेलों से हमें नेतृत्व तथा प्रबंधन की क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने बच्चों का आव्हान किया कि वे अपने पालकों और गुरूजनों का सम्मान करें तथा उनकी मेहनत और समर्पण को सार्थक करें। जीवन में सफलता हासिल करने के लिए धैर्य, आत्मविश्वास और कठिन मेहनत आवश्यक है। इससे पूर्व कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट द्वारा फायरगन जलाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। विद्यार्थियों द्वारा सदनवार परेड का प्रदर्शन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में .बैंड प्रदर्शन, रिले दौड़, जलेबी दौड़ और सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, उप प्राचार्य सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।



वार्षिक खेल उत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपने बीच जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को पाकर उत्साह से भरे हुये नजर आये विजयी प्रतियोगियों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों पुरूष्कार पाकर अपने आपको गर्वित महसूस किया इस तरह के आयोजनों से छात्र-छात्राओं के बीच खेल की भावना बलवती होती है और उनमें अनुशासन कायम रहता है।

## वी.आई.पी. शादी में पहुंचे वी.वी.आई.पी. मेहमान



शादी में पहुंचे राज्यपाल का केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने किया स्वागत।



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष।



पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ रमन सिंह।



राज्यपाल का अभिवादन करते जिला कलेक्टर मण्डला।



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल का स्वागत करते कलेक्टर सोमेश मिश्रा।




जिला पंचायत सीईओ ने भी किया राज्यपाल का अभिवादन।



राज्यपाल के साथ कुलस्ते जी का पूरा परिवार और साथ में केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके।

## खबर संक्षेप

### बेनूर हो रही शहीद नगरी की बाबड़ी



**चीचली।** स्वतंत्रता संग्राम मे यहॉ के देशभक्त मंशाराम की शहादत, वर्तन उद्योग के अलावा चौगान के किले ने चीचली को समूचे देश मे पहचान दिलायी। गौड़ शासनकाल मे रानी दुर्गावती ने चीचली क्षेत्र मे अनेक मंदिरो, तालाबों का निर्माण कराया था, जो उपेक्षित होने के बावजूद अपना अस्तित्व बचाए हुए है। गौड़ साम्राज्य के स्मृति स्थलो की कड़ी मे राजमहल चीचली के सामने रानी दुर्गावती के परिवारजनों नें मजबूत आकर्षक बावड़ी का निर्माण कराया था जिसमे बहुत वर्षो तक पानी संरक्षित रहने के प्रमाण मिलते है। लेकिन विडम्बना की बात है कि प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से यह बावड़ी बेनूर होती चली जा रही है। वर्षो की बरसात, ऑधियॉ सहने के बाद इसकी दीवारे क्षतिग्रस्त होती चली जा रही है और बाबड़ी के आस पास फैली गंदगी के बीच यह बावड़ी अपने शानदार अतीत पर ऑसू बहा रही है। गौरतलब है कि पुरा सम्पदर माने जाने वाली इस बाबड़ी की विशेषता का खास पहलू यह है कि उपेक्षित रहने के बाद भी अभी तक इसका अस्तित्व मिटा नही है और यदि शासन प्रशासन स्तर पर बावड़ी के सुधार की दिशा मे प्रयास किए जाऍ तो इसका खोया गौरव फिर लौट सकता है।

### तेजी से घट रही दुधारू पशुओं की संख्या



**सिंहपुर छोटा।** अगर इसी रप्तार से दुधारू पशुओं की संख्या घटती रही तो निश्चत ही आने वाले दिनों मे नौमिहालो को दुध के लाले पड सकते है। वह दिन दूर नही जब दूध के दाम आसमान छुने से नही चुकेगें और नगरिक दूध के लिए यहां वहां भटकने मजबूर होगे। किसानो मे दुधारू पशु पालने के प्रति मोहभंग हो जाने से पशुओं की संख्या घटती जा रही है वही सरकार भी इससे अनजान बनी हुई है, जिससे अब किसान भी दूध का उत्पादन करने के बजाय अन्य व्यसाय पर ज्यादा जोर देने लगे है,पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार निरंतर पशुओं की संख्या घटती जा रही है और आज स्थिति यह हो गई है कि लोग दुधारू पशु पालने से ही तौबा करने लगे है ,जानकारो का कहना है कि दुधारू पशुओं की निरंतर घटती संख्या एवं पशु पालकों का मोहभंग होने के पीछे पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न मिलना चारे के दाम आसमान छूना, गौहत्या चरम पर होना, शासकीय योजनाओं का पालकों को लाभ न मिलना है जिससे अब लोग पशु पालने से कतराने लगे है।

### हूटर लगी गाड़ियों का खुलेआम हो रहा दुरूपयोग, प्रशासन कर रही है नजर अंदाज?

**गाडरवारा।** इस समय नगर में आये दिन देखने मिल रहा है कि लोगों द्वारा जहां अपने वाहनों में मनमाने तौर से प्रशर हार्न लगाकर ध्वनि अधिनियम की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है.., वही दूसरी ओर अनेक लोगों द्वारा अपने चार पाहिया वाहनों में यातायात नियमों को दर किनार करते हुए हूटर लगाकर मनमानी पर उतारू देखे जा रहे है? मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि इस प्रकार से मनमान तौर से हूटरों का हो रहे दुरूउपयोग को लेकर स्थानीय शासन प्रशासन पूर्ण रूप से नजर अदांज कर रहा है, जिसके चलते नगर में अनेक वाहनों में खुलेआम हूटर देखने मिल सकते है, जबकि हूटर लगाने के लिए मा. न्यायालय व परिवहन विभाग द्वारा नियम कानून बनाये गये है, जिनकी खुलेआम आब्हेलना की जा रही है? वही वाहनों में हार्न लगाने के लिए भी लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है, लोगों के वाहनों में लगे हूटर व हार्नो से राहगीरों के लिए परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है, वही स्कूल वाहनों में लगे प्रेशर हार्न से स्कूली बच्चों पर विपरित प्रभाव देखने मिल रहा है।

### सड़कों पर हुडदंग लीला मचाने वालों की मनमानी के चलते आम लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल..

# शहर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्थाओं के सुधार को लेकर लगता है कि शायद जिम्मेदारों को नहीं है कोई मतलब?








**गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि शासन के निर्देश पर यातायात सुरक्षा सप्ताह तो हर वर्ष मनाया जाता है जिसके चलते प्रशासन वाहन चालकों को अनेक प्रकार की हितायत देते हुए उन्हें यातायात संबंधी कानून याद दिलाने से नही चूकते है। मगर इसके बाद सब कुछ पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। कुछ इसी प्रकार का मंजर इस समय नगर में देखने मिल रहा है। क्योंकि नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था को देखकर ऐसा अहसास हो रहा है कि अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले अपनी कलाबाजी का प्रदर्शन करने से बाज नही आ रहे है जिससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नही रह गया है..? इस प्रकार से नगर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था के सुधारने के लिये जिस प्रकार से अधिकारियों की सुस्ती देखी जा रही है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद नगर की बागडोर संभालने के बाद इस शहर की मलाई के चलते जिम्मेदार अधिकारी इस प्रकार से मग्न होकर शहर की सुरक्षा जिम्मेदारियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया हो...? जिसका परिणाम है कि इस समय जहां नगर की सड़को पर मनमानी करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई पड़ रहे है और लोगों में कानून व्यवस्था की दहशत समाप्त होने के कारण आये दिन चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाएं भी जन्म लेने से नही चूक पा रही है। इस तरह प्रशासन में बेठे हुये अधिकारियों की उदासीनता के चलते वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू रहते हुये आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये खुलेआम शहर के अंदर सड़को पर हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर सड़को पर अपने वाहन खड़ा करते हुये गप्पे मारना उनका शौंक बन चुका है? जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर में संचालित हो रहे आटों चालकों की मनमानी के नजारे तो इस तरह से बने हुये है कि इन्हें प्रशासन द्वारा पूर्णरूप से अभयदान प्रदान कर दिया गया है। आटों चालको द्वारा अपने आटों में मनमानी सबारी बैठाने के साथ चलते चलते अचानक रास्तों पर रोक देना तो इनके लिये आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर आटों चालको द्वारा जिस तरह अपने आटों में अतिरिक्त रूप से आटों के ऊपरी भाग पर एलईडी सर्फेद लाईट लगाये गये है वह छोटे वाहन चालको के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है। क्योंकि रात के समय जब आटो के सामने से कोई मोटर साईकिल चलाक निकल रहा होता है तो उसे सामने का कुछ दिखाई नही देता है। इस स्थिति में यदि रोड पर कोई मवेशी बैठा होता है तो बाइक चालक उससे टकराने से नही बच पाता है। इस तरह आटों सहित अन्य वाहनों में लगे हुये अतिरिक्त लाईन आमजन के लिये परेशानी का कारण साबित होते हुये देखे जा रहे है। इस तरह इन वाहन चालकों द्वारा की जा रही मनमानी को प्रशासन द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते इनके हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। गौरतलब है कि शहर की आबादी बढ़नें व वाहनो की तादाद में निरंतर बढ़ोत्तरी होने के लिहाज से नगर की यातायात व्यवस्था संतोष जनक नहीं बन पा रही है तथा शहर के व्यस्ततम चौराहो पर जाम लगने के नजारे आसानी से देखे जा रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय जाने वाले मार्ग पर खुले हुई नई नबेली बैक हो या फिर नगर के अंदर संचालित होने वाले अन्य बैको सहित सड़को की स्थिति और भयानक देखने मिल रही है जहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। जबकि गौर किया जावे तो यह मार्ग नगर का मुख्य मार्ग माना जाता है। वही दूसरी ओर यहां से आम लोगों के साथ साथ शहर के लगभग हर व्यक्ति का निकलना होता है जिसमें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना उन छात्राओं को करना पड़ता है जब वह अपने स्कूल को जा रही होती है उसी समय सड़क पर गाड़ियाँ खड़ी होने की स्थिति में उनका निकलना मुश्किल हो जाता है तथा यहां पर खड़े रहने वाले मनचलों की छिटाकशी का शिकार होने के लिए मजबूर होना पड़ता है? निमय के अनुसार तो बैक को अपने ग्राहकों के वाहनों के लिए पार्किग व्यवस्था करना चाहिए मगर बैक द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने की स्थिति में आम लोगों के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं को परेशानी झेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। वही नगर की स्टैट बैक का हाल भी इसी प्रकार से है क्योंकि क्षेत्र की सबसे बड़ी बैक होने की स्थिति में प्रतिदिन इस बैक में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना जाना होता है जिसके कारण बैक में आने वाले लोगों द्वारा अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा किया जाता है। इस प्रकार से यहां पर रोज बन रही जाम की स्थिति को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद अब अधिकारियों को इस नगर की व्यवस्थाओं से कोई लेना देना नही रह गया है। इस सच्चाई के चलते नगर की संपूर्ण कानून व्यवस्था भगवान भरोसे ही जान पड़ने से नही बच पा रही है? यदि नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था गौर किया जावे तो जाम के साथ साथ रात के समय नगर की सड़को पर पूर्ण रूप से वाइकर्सो का आतंक इस प्रकार से छाया हुआ रहता है कि है कि लोगों की रातों की नीद हराम हो चुकी है। स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर की सड़को पर तेज गति से वाहन दौड़ाने वालें युवाओं द्वारा झुंड के रूप में एकत्र होते हुये जहां अपनी गाड़ियो से तेज आवाज निकालने के साथ साथ खुद भी अनेक प्रकार की आवाजे लगाते हुये सड़को पर भ्रमण करना मानो मनमानी करने वालों का शौंक ही बन चुका है? इस प्रकार से शहर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था में तत्काल सुधार करने की जरूरत है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के आमगांव चौराहा, झंडाचौक, पलोटन गंज चौराहा, रेल्वे स्टेशन रोड़ ईलाको में शाम के बाद यातायात व्यवस्था में अराजक होने से नगर के लोंगो को विशेष रूप से परेशानियों से जूझते हुये देखा जा रहा है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा





**गाडरवारा।** न्यायालय में पदस्थ मा. न्यायाधीश द्वारा भी एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी बीस साल के सश्रम कारावास की सजा से दंडिय किये जाने का निर्णय सुनाया गया है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय न्यायालय में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मा. डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान पिता विजय ठाकुर उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्का, थाना तेंदूखेडा जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 5(एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- जुर्माना एवं भादवि की धारा- 366 में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- जुर्माना सें दंडित किये जाने का निर्णय सुनाया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अभियोक्त्री के नाना द्वारा अभियोक्त्री की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर आरक्षी केन्द्र तेंदूखेडा में प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 159/2023 अंतर्गत संहिता की धारा 363 में लेखबद्ध की गई। वही दिनांक 29 मइ 2023 का आभयाक्त्रा क दस्तयाब होने पर उसके कथन लेखबद्ध किये गये। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला कायम करने के बाद आरोपी को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये घटनाक्रम की अंतिम जार्च सीट प्रस्तुत करते हुये मा. न्यायाधीश के न्यायालय में मामला चला। जहां पर अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्षी जिसमें अभियोक्त्री, अभियोक्त्री के नाना तथा मॉ की साक्ष्य महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय मानते हुये एवं चिकित्सक द्वारा न्यायालय में दिये गये साक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए तथा चिकित्सीय साक्षी द्वारा दिये गये साक्ष्य के समर्थन में आई हुई डी.एन.ए. रिपोर्ट को निश्चियात्मक साक्ष्य मानते हुये आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा सें दंडित किया। इस मामले में प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में पैरवी करते हुये आरोपी को सजा दिलाने के लिये अपनी ओर से शानदार तरीके से प्रस्तुत किये गये तर्को से सहमत होते हुये मा. न्यायालय द्वारा आरोपी को बीस साल के सश्रम कारावास सहित आर्थिक दंड की सजा से दंडित किया गया है।

## जनपद पंचायत सांईखेड़ा में सम्पन्न हुई एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला





सांईखेड़ा

राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय अल्प विराम कार्यशाला का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी क्रम में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जनपद पंचायत सांईखेड़ा के सभागार में आयोजित किया गया। इस आयोजन में शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने, उनके दैनिक कार्यो के निर्वहन में सकारात्मक का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पंचायत, कृषि, वन व पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारी को आनंद की अनुभूति कराई गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण दल की ओर से जिला समन्वयक जबलपुर की सुश्री दीप्ति ठाकुर, श्रीमती मुक्ति राय, श्रीमती यमुना विश्वकर्मा, आनंदक शशिकांत मिश्रा, सत्यम नेमा, अमित नामदेव, शिवम नाथ, श्रीमती छाया चौधरी द्वारा गतिविधियों के माध्यम से अल्पविराम कार्यक्रम से प्रतिभागियों को परिचित कराया।

कार्यशाला का शुभारंभ सीईओ जनपद बीके तिवारी, जिला समन्वयक मप्र जनअभियान जय नारायण शर्मा, आनंदम की जबलपुर जिला समन्वयक सुश्री दीप्ति ठाकुर ने सरस्वती पूजन व सरस्वती वंदना से की गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को चाय, स्वल्पाहार, भोजन और प्रशिक्षण संबंधी लेखन सामग्री प्रदान की गई। आनंद की ओर, जीवन का लेखा- जोखा, रिश्तों का महत्व, अल्पविराम से लाभान्वित ट्रेनर और प्रतिभागियों द्वारा अपने जीवन से जुड़े विविध अनुभवों को साझा किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

## मुस्कुरा कर दौड़े दिव्यांग बच्चे तो पुरस्कार प्राप्त होने पर चेहरों पर देखने मिली अनोखी खुशी







**चीचली।** राज्य एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में बीते हुये दिवस विकास खंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले श्री साँई पब्लिक स्कूल के परिसर में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विकासखंड चीचली के आठ जन शिक्षा केंद्रों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी गई थी। वही बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता अंतर्गत में बाल वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग में 25 मीटर दौड़, नींबू चम्मच दौड, मटकी फोड़ प्रतियोगिता, बकेटिंग द बाल, रंगोली ड्राइंग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियां संपादित कराई गई। प्रतियोगिता अंतर्गत दिव्यांग छात्र-छात्राओं रिहान खान, आशनी राजपूत, दीपिका ठाकुर, अंकित विश्वकर्मा, रक्षा श्रीवास, अनिकेत मेहरा, अमित गौंड, धीरज श्रीवास, सोमनाथ गौंड, मनोज कीर, अनिकेत यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब चयनित विद्यार्थी जिला स्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। इस प्रतियोगिता के समापन में समाजसेवी के एल साहू एवं संतोष चौरसिया ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं, प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरक स्मरणीय तथ्य तथा इनके जीवन में पालकों तथा शिक्षकों से सकारात्मक सहयोग की बात कही। आगंतुक अतिथियों द्वारा सभी विजयी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस प्रतियोगिता हेतु बीएसी अरुण दुबे को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार एवं अजय नामदेव प्रभारी एमआरसी को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रतियोगिता संचालन हेतु बुलंद कुशवाहा, संजय सोनी, सुनील सोनी, श्रवण ठाकुर, धीरज जसाठी, हेमकुमार नामदेव, मन्ना लाल पटले, दीपक चौरसिया, शरद कौरव, कौशल ठाकुर, मनोज वर्मा, हेमंत पटेल, लेखराम गौतम, प्रमिला प्रजापति, रुपाली कुरडे, आरती मालवीय, तखत सिंह विश्वकर्मा, दिनेश चौरसिया, साईं पब्लिक स्कूल के प्रबंधक साकेत कौरव, महेंद्र कुमरे, नीलेश गोस्वामी, कैलाश कहार का सकारात्मक सहयोग रहा। कार्यक्रम का आभार सत्यम ताम्रकार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक डी के पटेल के निर्देशन में हुआ।

## रेल्वे गेट के पास देर रात तक होने वाली शराबखोरी को पुलिस द्वारा नजर अंदाज किया जाना खड़े कर रहा सवाल?



**गाडरवारा।** इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां दिन के समय आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिला है रात के समय यहां पर लगी हुई दुकाने तो बंद हो जाती है मगर इन खाली पड़ी रहने वाली दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है। मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है। इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी पुलिस द्वारा नजर अंदाज किये जाने पर नगर के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..?

## गांवों में घूमते हुये बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियां, आखिर किसका मिल रहा है संरक्षण..?

सालीचौका



इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं। इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलाये हुये हैं। लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है किसी बेरोजगार को अपना एजेन्ट बनाने और कम से कम समय में लखपति बनाने के रंगीन सपने दिखाकर दूसरे को भी फाँस लिया जाता है और बोला ताजा है कि तुमको घर बैठे पैसा मिलेगा एक बार इस काम को शुरू तो करो फिर देखना कितनी कमाई होती है,क्योंकि जो एजेन्ट दूसरा एजेन्ट नहीं बनाता है उसे कमीशन नहीं मिलता है इसलिये एक दूसरे को फँसाते रहते हैं ना तो कोई दो महीने में लखपति बना है और ना ही बनेगा, इस प्रकार की जिनती भी कंपनियाँ इस क्षेत्र में काम कर रही हैं वह युवकों को गुमराह कर पैसा ऐंठने का कार्य कर रहीं हैं,पढ़े लिखे युवक उनकी बातों में आकर लखपति बनने का सपना देखकर वह अपना पैसा फंसाकर कंपनी के लिये काम करना शुरू कर देते हैं, इतना ही नहीं इन तथाकथित कंपनियों ने अनेक शासकीय कर्मचारियों को भी अपनी गिरफत में ले लिया हैजो अपने एजेन्ट बनाने के लिये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभाव डालकर उन्हें इस कंपनी की लिंक चैन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार की कंपनी द्वारा लखपति बनाये जाने के मायाजाल में फंसे कर्मचारियों की जाँच होनी चाहिये और इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये, कुछ कर्मचारियों की तो यह स्थिति है कि वह अपनी पत्नियों के नाम से कंपनी में जुड़कर अपने ईमानदारी से करने वाले कार्य को नजरअंदाज कर इस कार्य में लगे हुये हैं जिसके कारण यह कंपनियाँ दिन दुगना रात चौगुना जाल फैलाती जा रही हैं।

## सूकरी गांव में नालियों का पानी बह रहा सड़कों पर



**कौड़िया।** भले ही गांवों के विकास के नाम पर सरकार द्वारा मनमानी राशि खर्च की जा रही है, वही दूसरी ओर ग्राम पंचायतों द्वारा भी स्वच्छता के नाम पर सरकारी राशि खर्च करते हुए कागजों में स्वाच्छता अभियान को सफल बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जहा रही है। मगर जिस प्रकार से गांवों में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है उस ओर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही क्षेत्र के वह जन प्रतिनिधि जो आये दिन स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने हाथों में झाडू लेकर अखबारों की सुर्खियों में बनने के लिए कोई कसर नही छोड़ते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुकरी में देखने मिल रही है। जहां पर नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहने के कारण गांव में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है, बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम सूकरी में भी जगह जगह कूड़ा एवं गंदापानी जमा होने से लोग परेशान हो रहे है। क्योंकि गांव के गंदा पानी निकासी के लिए सही व्यवस्था नही होने के कारण सड़को पर गंदा पानी बहने के कारण भयानक बीमारी फैलने से संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, यदि समय रहते हुये अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया तो ग्रामवासी बीमारी की चपेट में आने से नही बच पायेगे?



## खबर संक्षेप

### पथरिया में नॉन इंटरलाकिंग के कारण दो यात्री गाड़ियों के थमेंगे पहिये

**अनूपपुर।** अधोसंरचना विकास हेतु पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के पथरिया रेलवे स्टेशन में नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के लिए कुछ यात्री गाड़यिों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यह कार्य 1 से 07 नवम्बर तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़यिों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसमे 1 से 5 दिसंबर को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर भोपाल एक्सप्रेस तथा 3 से 7 दिसंबर को भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### रामपुर ओपन कास्ट के खिलाफ ग्रामीण करेंगे उग्र आंदोलन

**अनूपपुर।** ग्राम बैरिहा पोस्ट रामपुर पंचायत पड़रिया में खुले रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट को लेकर किसानों में काफी नाराजगी है जिसको लेकर बैरिहा निवासी किसान सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि कालरी के विरुद्ध आंदोलन के तैयारी कर रहे हैं। यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण एकत्रित होकर ज्ञापन देने के बाद आंदोलन करने की तैयारी में है। ज्ञात हो कि दो वर्षों से कोल माइंस चालू होने के बाद बैरिहा गांव को कॉलरी प्रशासन द्वारा आज तक कोई भी व्यवस्था नहीं दी गई है और गांव को जो पूर्व में नदी से डैम का पानी दिया जाता था वह भी नही दिया जा रहा है जिसके कारण गांव के लोगों में नाराजगी है एवं गेहूं की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है जिससे लगातार फसलों में काफी गिरावट एवं समस्या बनी हुई है। हैवी ब्लास्टिंग के कारण पूरे गांव के घरों में काफी दरार आई है जिसे आज तक एसईसीएल प्रबंधन देखने तक नहीं पहुंचा नहीं सर्वे कर उचित मुआवजा दिलवाया। ग्रामीणों का कहना है कि जब पीने का पानी ही नसीब नहीं है तो अब हम खेती कैसे करेंगे। हमारे रोजगार पशुपालन से चलते हैं परंतु पशुओं के पीने तक के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है जिसको लेकर ग्रामीण काफी चिंतित हैं और कलेक्टर से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द प्रबंधन से व्यवस्था करवाई जाये नहीं तो उग्र आंदोलन होगा।

### अस्पताल प्रबंधन पर लग रहे शासकीय राशि गबन के आरोप

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** डिंडोरी जिले के तहसील मुख्यालय बजाग में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में अस्पताल प्रबंधन के सांठगांठ के चलते पिछले दिनों एक बड़ा घोटाला कर शासकीय राशि गबन का मामला चर्चा में था, जिसकी जानकारी लगते ही क्षेत्र के आर.टी.आई कार्यकर्ता के द्वारा जानकारी चाही गई है जिसकी प्रथम अपील के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और ब्लाक चिकित्सा अधिकारी के द्वारा सूचना के अधिकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। महत्वपूर्ण यह है कि आखिर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शासकीय राशि की ऐसी कौन सी गोपनीयता है जिसकी जानकारी विभाग देनें में कतरा रहा है ।

### क्रमिक अनशन पर बैठे कोयला मजदूर

**कोतमा।** कोयला मजदूरों की गंभीर समस्याओं को लेकर कोयला मजदूर सभा ने 12 नवंबर को 12 सूत्रीय मांग पत्र महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. जमुना-कोतमा को सौंप कर अवगत कराया था कि 28 नवंबर तक कोयला मजदूरों की समस्याओं का निराकरण कर दिया जाए अन्यथा मजदूर क्रमिक अनशन पर बैठ जाएंगे जिसको लेकर 28 नवंबर की शाम 4:30 बजे से कोयला मजदूरों ने महाप्रबंधक के द्वारा 12 सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं करने पर क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं जिसमें प्रथम दिन कोयला मजदूर मुन्ना यादव एवं मेघा केवट महाप्रबंधक कार्यालय के सामने क्रमिक अनशन पर बैठे हुए हैं। ज्ञात हो कि 12 नवंबर को 12 सूत्रीय मांग पत्र महाप्रबंधक को सौपा गया था जिसका निराकरण न करने के कारण यूनियन नेताओं ने एकत्र होकर 28 नवंबर को महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र के कार्यालय के सामने क्रमिक अनशन प्रारंभ कर दिया है।

तय मानक को ठेंगा दिखा कर रहे क्रेशर संचालन, डस्ट युक्त हवा से फसलों सहित जनजीवन प्रभावित

# कंपनी की मनमानी से क्षेत्रवासी परेशान

## प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नही करने का आरोप

डिंडौरी



जिले के किसलपुरी गांव के किसान डिंडौरी-मंडला सड़क निर्माण करने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा लगाये गए स्टोन क्रेशर से निकलने वाली डस्ट से परेशान है, किसानों की सालभर की मेहनत की लाखों रुपये की फसल बर्बाद हो रही है, किसानों के सामने जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है,वही क्रेशर संचालक द्वारा एनजीटी और राज्य शासन द्वारा निर्धारित नियमो को ठेंगा दिखाया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर किसानों को सिर्फ आश्वासन का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है, पिछले 18 माह से परेशान किसान अब आरपार की लड़ाई का मन बना रहे है।

### स्टोन क्रेशर की डस्ट से परेशान किसान

अपनी फसलों की बर्बादी का दर्द लगातर सह रहे है, खेतो में लगी धान की फसल में दाने नही है, अरहर की पत्तियों और फूलों पर स्टोन की डस्ट जम गई है, खलिहान में रखी फसल पर डस्ट जमाने से फसल की गहाई नही हो पा रही है, खेत की उपजाऊ मिट्टी के ऊपर भी डस्ट जमाने से हल चलना मुश्किल हो गया है, फसल की पैदावार भी लगातर कम हो रही है। वही क्रेशर संचालक द्वारा पत्थर के लिए बारूद से विस्फोट कर रहे है जिससे आसपास रहने वाले किसानों के घरों में दरारें आ गई है, अब हालात ये है की खेतो में फसल के साथ गांव की बस्ती में मकान भी ध्वस्त होने की कगार में है।

कंस्ट्रक्शन कंपनी के किसलपुरी कैम्प के इंचार्ज ने किसानों की समस्या से अवगत होने और नियमो का पालन कर डस्ट से बचाव के उपायों का इस्तेमाल करने की बात कही वही डस्ट हवा की दिशा में फैल जाती है, जो किसानों के खेत के पहुच जाती है किसानों की समस्या को कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, जो भी निर्देश मिलेंगे उसके तहत कार्य किया जायेगा। वही जब इंचार्ज से सड़क निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में पेड़ काटने और सारी लकड़ी अपने कब्जे में रखने के सवाल पर गोलमोल जवाब दे बचने का प्रयास किया गया। जब किसानों की परेशानी को लेकर एसडीएम से बात की गई तो उन्होंने किसानों की शिकायत मिलने पर कार्यवाही की बात कही, बताया गया की स्टोन क्रेशर संचालक को नियमो का पालन करने और किसानों की फसलों का ध्यान में रखते हुए कार्य करने की हिदायत दी गई है। कंपनी द्वारा बड़ी संख्या में पेड़ो को कटाई कर लकड़ी का स्वयं उपयोग करने के सवाल पर बताया कि पंचायत द्वारा लगाये गये पेड़ो का मुआवजा पंचायत और वन विभाग के द्वारा लगाये गये पेड़ो का मुआवजा वन विभाग को नीलामी के बाद मिलेगा।

# औद्योगिक विकास से रोजगार सृजन और राजस्व में होगी वृद्धि - ओमप्रकाश धुर्वे

## नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के संबंध में बैठक संपन्न



**डिंडौरी ।** कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता और शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में डिंडौरी जिले में उद्योग संभावना एवं उद्योग विकास के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजु व्यौहार, अध्यक्ष जनपद पंचायत डिंडौरी श्रीमती आशा सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीरा परस्ते, सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा श्री एश्वर्य वर्मा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती राधिका कुसरो सहित अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारी और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन जिले में औद्योगिक विकास के लिए संभावनाओं की तलाश और क्षेत्र के अनुसार उद्योग स्थापना के लिए रणनीति बनाने के लिए किया गया।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि जिले में औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण के लिए अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं के आधार पर क्षेत्र की क्षमताओं के अनुसार औद्योगिक विकास किया जाएगा। औद्योगिक विकास के लिए सड़क, पानी, बिद्युत आदि मूलभूत आवश्यकता जैसे क्षेत्रों का चयन कर नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित उद्यमियों से उद्योग विकास के लिए उनके सुझावों पर चर्चा की गई। उद्यमियों द्वारा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के उद्योगों के जैसे टिम्बर उद्योग, जूट उद्योग, वनोपज उद्योग, बर्तन उद्योग आदि पर विचार रखे गए।विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए सबसे पहले उपयुक्त भूमि का चयन किया जाए। जिले में नर्मदा एक्सप्रेसवे, अमरकंटक हाईवे एवं अन्य सड़कों का नेटवर्क है। साथ ही जिला श्रमशक्ति, वन सम्पदा आदि से संपन्न है। इन अपार संभावनाओं को औद्योगिक स्वरूप देने के लिए शासन की ओर से उद्यमियों को सहयोग प्राप्त होगा। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने उद्यमियों से उद्योग विकास के लिए बेहतर मांग आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन की बात कही। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से रोजगार सृजन और राजस्व प्राप्ति के अवसर पर में वृद्धि होगी। कलेक्टर हर्ष सिंह ने औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने उद्यामियों से कहा कि जिले में उपयुक्त मांग बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में फेसिलिटेशन केन्द्र खोला जा रहा है।

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत कानूनी जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन



**डिंडौरी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड डिंडोरी, में कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, नगर परिषद उपाध्यक्ष सारिका नायक उपस्थित रहीं, साथ ही मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिस्ट्रिक्ट लीगल ऑफिसर श्री दिलवर सिंह, बाल कल्याण समिति सदस्य श्रीमती शिखा राय एवं कोतवाली थाना से श्रीमती मसराम ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण, कार्य स्थल में लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, महिलाओं के हित में बने कानूनों के बारे में चर्चा कर जागरूक किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर एवं वन स्टॉप सेन्टर परामर्शदाता निकिता मरकाम एवं विधिक सलाहकार स्मिता चैरसिया ने वन स्टॉप सेन्टर (सखी), महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी प्रेरणा मर्सकोले, पर्यवेक्षक मनीषा उईके एवं समस्त स्टाफ एवं वन स्टॉप सेन्टर स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मानव श्रृंखला बनाकर बाल विवाह मुक्त डिंडौरी का प्रदर्शन किया गया।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डीएलसीसी की बैठक संपन्न

डिंडौरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डीएलसीसी की बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, एलडीएम श्री रविशंकर सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने वित्तीय वर्ष के द्वितीय क्वार्टर की प्रगति के संबंध में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंको के सीडी अनुपात की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि जिले का सीडी अनुपात 51 प्रतिशत है, विधायक श्री धुर्वे ने गोपालपुर, बिछिया सहित आदि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखा खोलने के लिए कहा। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बैंकिग सुविधा प्राप्त हो सके। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अटल पेंशन योजना, जन सुरक्षा रिपोर्ट , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को शत प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। विधायक श्री धुर्वे ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ सभी आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, एवं स्थानीय लोगों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी दें। बैंक एवं विभाग सुलभ रूप से ऋण उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने शेष लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए बैंक और विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता युक्त कार्य के लिए प्राथमिकता दें। संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि जिस क्षेत्र में ऋण प्रदान किया गया है उस क्षेत्र में उसका बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो। उन्होंने पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र में क्रेडिट कार्ड की लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं बैंक ब्लॉक स्तर पर बैठकों में भाग लें और समस्या का निराकरण करें। लक्ष्य पूर्ति करने में लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर जिम्मेवार अधिकारी कार्यवाही करना सनिश्चित करें।

# मेडियारास से विवेक नगर मार्ग में सवा लाख की लूट से मचा हड़कंप

**अनूपपर।** 27 नवंबर बुधवार की शाम लगभग 6:20 बजे चचाई थाना अंतर्गत मेडियारास से विवेकनगर मार्ग पर ग्राम खुटुआ के पहले मोटरसाइकिल सवारो से बंदूक की नोक पर सवा लाख की लूट की घटना से जिले में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम लगभग 6 बजे के आस-पास अग्रवाल स्टील परसवार के कर्मचारी आषू वर्मन, मूलचंद लोधी और अनुराग लोधी अपनी मोटर साइकिल पर पैसो से भरा बैंग लेकर धनपुरी जा रहे थे तभी चचाई थाना अंतर्गत खुटुआ ग्राम के पहले बिना नबंर की लाल और काले रंग की पल्सर से आए दो अंजान व्यक्तियों द्वारा पीड़ीतो की गाड़ी के सामने गाडी रोकी और बंदूक की नोक पर उनके हाथ से बैंग छीनकर मेडियारास की तरफ भागे। पीडित आशू बर्मन के अनुसार उसके दो मोबाइल भी लूटकर ले गए जिसकी सूचना उन्होने सबसे पहले दुकान के मालिक मयंक अग्रवाल को देकर कोतवाली अनूपपुर पहुंचे जहां से उनके गुमे हुए मोबाइल मे से एक का लोकेशन बकान पुल के पास झाड़ियों में मिला जहां ढूंढने के पर एक मोबाइल बरामद हो गया। जिसको लेकर आशू वर्मन अपने दो साथियों के साथ चचाई थाने पहुंचे जहां समाचार लिखे जाने तक पुलिस जांच कर रही है परंतु अब तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नही हुई है।



### सवा लाख की हुई लूट

अग्रवाल स्टील के कर्मचारी आशू वर्मन ने बताया कि जिस बैग को लूटेरे ले गए थे उसमें 50 हजार रुपये की एक गड्डी, 29 हजार 6 सौ की एक गड्डी, 10-10 हजार रुपये की दो गड्डियां, 5-5 हजार रुपये की चार गड्डियां, और 4 हजार रुपये के चिल्हर मौजूद थे। आशू वर्मन ने यह भी बताया कि एक वन प्लस मोबाइल जिसमें 7747020076 मोबाइल नबंर था उसे भी छीनकर ले गए। पीडित आशू वर्मन ने आरोप लगाया कि बुधवार की रात 8 बजे से 11 बजे तक चचाई पुलिस हमसे पूछताछ करती रही और गुरूवार की सुबह 11 बजे से लेकर 7 बजे तक पूछताछ करती रही हमसे एक आवेदन पत्र भी लिखवाया परंतु जांच की बात कहकर शुक्रवार की सबुह 11 बजे फिर आने को कहा है परंतु अभी तक एफआईआर दर्ज नही की गई है।

### इनका कहना है

ये कर्मचारी में विश्वासपात्र है। लगभग 10 वर्षो से मेरी दुकान में काम कर रहे है पुलिस अपने एंगल से जांच कर रही है। 24 घंटे से ज्यादा समय बीत गया है मुझे डर है कि लुटेरे पुलिस की पकड से दूर न चले जाएं।

**मयंक अग्रवाल**
**अग्रवाल स्टील परसवार**

उक्त घटना के संबंध में कोतवाली और चचाई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है अपराधियों की तलाश की जा रही है। पुलिस उक्त घटना की सच्चाई की भी जांच कर रही है। दुकान से लेकर घटना स्थल तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। अग्रवाल स्टील के कर्मचारियों के द्वारा बताई गई घटनाक्रम की पुलिस जांच कर रही है। तथ्यों के सामने आते ही प्राथमिकी दर्ज की जावेगी।

**सुमित केरकेट्टा**
**एसडीओपी अनूपपुर**

# प्रभार के भरोसे चल रहा जिले का 'विकास'

**अनूपपुर/कोतमा।** जिले को एक प्रयोग के रूप में उपयोग किया जा रहा है वर्तमान में स्थिति यह है कि जिले सहित विकास खंड में ज्यादातर कार्यालय प्रभार के भरोसे ही चल रहे हैं। स्थिति यह है कि कोई भी कहीं-कभी प्रभार ले सकता है। कोतमा अनुविभागीय कार्यालय होने के साथ ही कोयलांचल एवं आदिवासी क्षेत्र है लेकिन इस क्षेत्र की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। वर्तमान में कोतमा विधानसभा क्षेत्र से मध्य प्रदेश शासन में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में दिलीप जायसवाल पदासीन है उसके बावजूद उनके ही विधानसभा क्षेत्र में स्थिति यह है कि कई कार्यालय प्रभारी के भरोसे चल रहे हैं वहीं कई विद्यालय भी प्रभार के भरोसे चल रहे हैं। यहां तक कि छात्रावासों में अधीक्षक के पद पर वर्षों से शिक्षक अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं उसे भी कोई देखने वाला नहीं है। कलेक्टर अनूपपुर के द्वारा वर्षों से जमे अधीक्षकों को हटाकर नए लोगों की पदस्थापना किए जाने की बात पूर्व में की गई थी और आवेदन भी जमा करवाए गए थे लेकिन वह मात्र कागजों ताकि सिमट कर रह गया है।

### तहसील कार्यालीय में हाल बेहाल

तहसील कार्यालय का हाल यह है कि कई अधिकारी कर्मचारी 40 किलोमीटर दूर से कार्यालय में आना-जाना कर रहे हैं जबकि शासन का नियम है कि यदि कार्यालय की दूरी 9 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर है तो अधिकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में निवास करना चाहिए लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय में भर्रेशाही मची हुई है। अधिकारी कर्मचारी अपने मनमर्जी का कार्य कर रहे हैं, वहीं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किसी को भी किसी कार्यालय का प्रभारी बनाकर उसे विभागीय कार्यालय में बैठा दिया जा रहा है जिसके कारण आम जनता परेशान नजर आ रही है।

### महिला बाल विकास विभाग में भी ठीक नहीं स्थिति

कोतमा में महिला बाल विकास कार्यालय भी वर्तमान में प्रभार के भरोसे चल रहा है। वर्तमान में स्थितियां है कि जिन्हें प्रभार दिया गया है वह भी अपने मातहत एक प्रभारी की नियुक्ति करके रखे हैं जिसके कारण उन्हें कार्यालय नहीं आना पड़ रहा है। महिला बाल विकास विभाग एक ऐसा विभाग है कि इसे छोटे-छोटे बच्चों की पोषण संबंधित कार्य जुड़े हैं। वर्तमान में जैतहरी परियोजना कार्यालय में पदस्थ सतीश कुमार जैन को कोतमा परियोजना कार्यालय का प्रभार दिया गया है जिसके कारण वह यहां से आना-जाना नहीं करते हैं बल्कि उनके द्वारा एक प्रभारी नियुक्त करके रखा गया है कि वह परियोजना का कार्य संभालेगा। लगभग एक साल से परियोजना अधिकारी का पद खाली है लेकिन अभी तक शासन के द्वारा कोतमा परियोजना कार्यालय में अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई जबकि वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन में विधानसभा क्षेत्र से ही मंत्री दिलीप जायसवाल है उसके बावजूद उनके ही विधानसभा क्षेत्र का यह हाल है तो अन्य जगहों का क्या हाल होगा यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### नाबालिग छात्रों के दोपहिया वाहन चालन पर अब पुलिस सख्त

**अनूपपुर।** जिले में नाबालिग स्कूली छात्रों द्वारा तेज गति और लापरवाही से दोपहिया वाहन चलाने की शिकायतों के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन, शुक्रवार को, टीआई कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। टीम ने अमरकंटक रोड स्थित बेथेल मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान 11 दोपहिया वाहनों के नाबालिग चालकों को नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। इनमें शामिल वाहन स्कूटी (एम.पी. 65 जेड ए 1225), स्कूटी (एम.पी. 65 एस 0996), स्कूटी (एम.पी. 65 एस 7303), सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (एम.पी.65 एन 6744), स्कूटी (एम.पी. 65 एस 4060), टीवीएस रेडऑन (एम.पी. 18 एम बी 8739), बिना नंबर की नई स्कूटी, स्कूटी (एम.पी. 65 एस 8713), टीवीएस विक्टर (एम.पी. 18 जी 7005), होंडा एक्सब्लेड (एम.पी. 65 एम ई 4771) तथा स्कूटी (एम.पी. 54 एन 7309) को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की गई।

बेथेल मिशन स्कूल के प्रबंधन और प्राचार्य को थाना बुलाकर नोटिस दिया गया है। उनसे कहा गया कि नाबालिग छात्रों को वाहन चलाने से रोकने के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। साथ ही, जब्त वाहनों के 11 नाबालिग चालकों के अभिभावकों को थाना बुलाकर भविष्य में नाबालिगों को वाहन न देने की समझाइश दी गई। ज्ञात हो कि गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने भारत ज्योति स्कूल के पास चेकिंग के दौरान 6 नाबालिग चालकों के वाहन जब्त किए थे। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना गैरकानूनी है

### आर.टी.आई की जानकारी देने में अस्पताल प्रबंधन बरत रहा हीलाहवाली

अस्पताल प्रबंधन पर लग रहे शासकीय राशि गबन के आरोप



**डिंडोरी।**डिंडोरी जिले के तहसील मुख्यालय बजाग में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में अस्पताल प्रबंधन के सांठगांठ के चलते पिछले दिनों एक बड़ा घोटाला कर शासकीय राशि गबन का मामला चर्चा में था, जिसकी जानकारी लगते ही क्षेत्र के आर.टी.आई कार्यकर्ता के द्वारा जानकारी चाही गई है जिसकी प्रथम अपील के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और ब्लाक चिकित्सा अधिकारी के द्वारा सूचना के अधिकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। महत्वपूर्ण यह है कि आखिर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शासकीय राशि की ऐसी कौन सी गोपनीयता है जिसकी जानकारी विभाग देनें में कतरा रहा है ।

### देर शाम जिला मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार

गंदगी देख भड़के एसडीएम, नगर पालिका को दी साफ-सफाई के निर्देश

**अनूपपुर।** गुरूवार की शाम अनूपपुर एसडीएम व नगरपालिका अनूपपुर के प्रशासक महिपाल सिंह गुर्जर तथा तहसीलदार अनूपपुर अनुपम पांडेय ने जिला मुख्यालय के मुख्य बस स्टैण्ड का जायजा लिया जहां सार्वजनिक पेशाबघर समेत सुलभ शौचालय मे गंदगी देख भड़क गये इस दौरान उन्होने दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र स्थल का भी निरीक्षण किया जहां व्याप्त गंदगी व अव्यवस्थित स्थिति व यहां फैले अतिक्रमण को देख कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल समुचित व सफाई व्यवस्था के निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ यातायात पुलिस प्रभारी ज्योति दुबे सहित कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द जैन मौजूद रहे।

जिला मुख्यालय अनूपपुर के मुख्य बस स्टैण्ड में बसों की आवाजाही के दौरान मचने वाले धमाचौकड़ी और मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के बीच लगने वाले जाम से जल्द ही शहरवासियों को निजात मिल जाएगी। इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से रणनीतियां तैयार की जा रही है। जहां जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से बस स्टैंड के साथ पूरे शहर में फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करेगी। इसके साथ संभव है कि जल्द ही मुख्य बस स्टैंड को भी यातायात व यात्री सुविधाओं के आधार पर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएगा। अधिकारियों ने यहां बने अव्यवस्थाओं को दूर करने के साथ अतिक्रमण हटाने व सुचारू यातायात बहाली पर शनिवार को पुनः बैठक बुलाने की बात कही। नगरपालिका अनूपपुर प्रशासक एवं एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्तमान में संचालित मुख्य बस स्टैंड और वहां से गुजरने वाला मार्ग काफी सकरा है। सड़क के दोनों ओर व्यापारियों ने टिन शेड को सडक की ओर बढ़ाकर अपनी वाहनों को पार्क कर अवैधकब्जा कर लिया है। जिससे पूर्व से जाम को बन रही स्थिति को और अधिक बढ़ा दिया है। इसके अलावा मुख्य बस स्टैंड में रख-रखाव की व्यवस्था भी बदतर बनी हुई है, यहां भी दुकानदारों द्वारा टिन शेड को स्थानांतरण पर काम एक ओर जिला व पुलिस प्रशासन मुख्य बस स्टैंड व कोतवाली तिराहा, सामतपुर तिराहा मार्ग पर बेहतर यातायात बहाली को लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन वर्तमान बस स्टैंड को यात्रियों की सुविधा के अनुसार अन्यत्र स्थानांतरित करने की तैयारी भी कर रही है। एसडीएम अनूपपुर ने बताया कि नए बस स्टैंड बनाने के प्रस्ताव पर प्रक्रिया तेज है, जल्द ही पीआईसी की बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक में ठोस रणनीति पर विचार किया जाएगा

## खबर संक्षेप

### बलिदान दिवस पर हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**गोटेगांव**-विगत दिवस ग्राम केरपानी में माँ रेवा के तट के समीप स्थित किले में हीरापुर के राजा दीवान गजराज सिंह के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजली सभा में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की, कार्यक्रम में जालम सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज एवं पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। जालम सिंह पटैल ने अमर शहीद राजा गजराज सिंह लोधी के जीवन पर विस्तार से बताया कि 1842के स्वतंत्रता लिए अंग्रेजों से सीधे लड़ाई लड़ते धोखा से गिरफ्तार कर जबलपुर चंडाल भाट में फांसी पर चढ़ा दिया था।इस अवसर पर राजा कौशलेन्द्र सिंह (बंसज), हाकम सिंह चढ़ार, निधान सिंह पटेल, ओमकार सिंह पटेल ,राव महेश सिंह ,राव सूरज सिंह आदि उपस्थित रहे!

### पीड़ितों ने एसपी से की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव निवासी दो भाईयों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया गया। आवेदन मे बताया गया कि वह मजदूरी कर घर वापस जा रहे थे तभी यशवंत पटेल गालियां दे रहा था और जाति सूचक शब्दों से उसे अपमानित कर रहा था विरोध करने पर अमित एवं अरविंद को यशवंत पटेल व बृजेश पटेल तथा राजेश पटेल द्वारा डंडे एवं राइजर से बुरी तरह मारपीट कर जख्मी किया गया एवं उक्त घटना के बाद पीड़ितों द्वारा पुलिस थाना गोटेगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जहां पर मामूली धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई तथा कार्रवाई की मांग की गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी चंद्रभान ठाकुर गोंड आ. विजय ठाकुर गौड़ आयु 21 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्का, थाना तेंदूखेड़ा जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा-5 (एल)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 जुर्माना एवं भादवि की धारा 366 में 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 जुर्माना सें दंडित किया गया।

### भाजपा संगठन पर्व कार्यशाला आज



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व संगठनात्मक चुनाव के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में दिनांक 30 नवंबर दिन शनिवार को सुबह 11 बजे से चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया है यह कार्यशाला भोपाल सांसद आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ नेताओं व विधायक गणों की विशेष उपस्थिति मे संपन्न होगी।







# जल संरक्षण व प्राकृतिक खेती को दे बढ़ावाः कलेक्टर

### जनचैपाल कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती पटले ग्राम पंचायत राताभाटी की ग्राम गौरछापर में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुई। श्रीमती पटले ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हमें पानी का सदुपयोग करना चाहिए। पानी की बर्बादी नहीं करनी चाहिए। हमें जल संरक्षण की दिशा में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती करने पर जोर देते हुए कहा कि किसान अपने खेतों में कम पानी की खपत वाली फसलों को लगाने पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें मोटा अनाज एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने यहां ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं पूछी व आवेदन लिये और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने यहां जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती करने और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली।

### अतिक्रमण हटाने के निर्देश

कलेक्टर को ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिये कि अतिक्रमण हटाकर तालाब का निर्माण किया जाये। उन्होंने चैकडेम निर्माण के लिए एईओ को निर्देशित किया कि साइट देखकर चैकडेम का निर्माण किया जाये। उन्होंने यहां संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र की जानकारी ली। कलेक्टर ने समय पर टीकाकरण के संबंध में भी पूछा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी अपने- अपने विभागों द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें, जिससे पात्र हितग्राही इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

### ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

मछली पालन विभाग अधिकारी ने मत्स्य योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि खेत तालाब योजना के तहत ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जाये। खेत तालाब योजना और उससे होने वाले लाभों से प्रेरित होकर राजाराम ने कहा कि वे अपने खेत में तालाब बनायेंगे। ग्राम गौरछापर, चकरापुर, जामुनसिरिया में नेटवर्क की समस्या आने पर कलेक्टर ने प्रस्ताव भेजने के कहा। ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताने पर पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि वाटर लेबिल कम हो जाने से पानी की समस्या आ रही है, पाइपों की संख्या बढ़ा दी जायेगी। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि ग्राम में पानी की समस्या को देखते हुए नया बोर कराया जाये। कलेक्टर ने ग्राम में ही खेती- तालाब योजना के तहत मछली पालन के लिए बनाये जाने के लिए स्थल देखा और आवश्यक जानकारी ली।

### कलेक्टर ने दिलाई शपथ

जन चौपाल में कलेक्टर श्रीमती पटले ने हम होंगे कामयाब अभियान के तहत ग्राम वासियों को बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई और समझाइश भी दी। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह करने से आर्थिक, मानसिक आदि परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह अधिनियम के बारे में भी लोगों को समझाया। जनचैपाल कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला गौरछापर में पढ़ने वाले बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किये। विदित है कि प्रति वर्षभांति इस वर्ष भी शाला के शिक्षकों द्वारा शाला में दर्ज 32 छात्रों को गर्म कपड़े वितरित किये गये। कलेक्टर ने ग्राम गौरछापर में आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से स्कूल कितने बजे आते है, निशुल्क किताबें और भोजन के बारे में पूछा।

## नेत्र शिविर का आयोजन, 327 मरीजों को मिला लाभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के मुशरान वार्ड में शंकराचार्य नेत्र चिकित्सालय द्वारा निशुल्क नेत्र रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 64 मरीज मोतियाबिंद के पाये गये। जिन्हें निशुल्क बस सेवा के द्वारा स्वामी स्वरूपानंद चेरिटेबल ट्रस्ट श्रीधाम द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय भेजा गया। यहां इनके निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। ये शिविर वार्ड पार्षद व नेता प्रतिपक्ष इंजी. रुद्रेश तिवारी के संयोजन और मुशरान वार्ड विकास समिति, आशादीप सामाजिक सूत्र संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर महंत अवधेश गिरी महाराज वृंदावन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी, राधेश्याम नेमा, श्रीमती संध्या कोठारी की विशेष मौजूदगी रही। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, विशिष्ट अतिथि पार्षद नीलकमल जैन, श्रीमती सुषमा तिवारी, आशीष राजवैद्य, बॉबी खान, मुकेश कटारे, सौरभ ठाकुर की मौजूदगी में हुआ। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। जरूरतमंदों के लिए ऐसे आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन एड. प्रहलाद पटेल व स्वागत भाषण व आभार प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष इंजी. रुद्रेश तिवारी ने किया। शिविर के संचालन में राजेंद्र मनोहर तिवारी, प्रभात तिवारी, देवेंद्र प्रजापति, अभिषेक शर्मा, ठा. आकाश सिंह, बृजेंद्र दुबे, रामकृष्ण तिवारी, रविशंकर दुबे, संतोष दुबे , शंकराचार्य नेत्रालय से डॉ. मनीष गुप्ता,डॉ. आफताब खान, डॉ. उमेश प्रजापति, गोविन्द दुबे, वृंदावन सेन, दीपक सराठे, प्रशांत साहू, आशीष मेहरा, नितिन ठाकुर, प्रदीप प्रजापति एवं जिला चिकित्सालय से विजय माहोर, आशीन खान का सहयोग सराहनीय रहा ।



### विश्व विकलांग दिवस प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विश्व विकलांग दिवस पर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शा.क. मा. शाला करेली बस्ती में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रमेन्द्र सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सुश्री प्रतिज्ञा परिहार अध्यक्ष जनपद पंचायत करेली विशिष्ट अतिथि कैलाश रघुवंशी पार्षद अध्यक्ष संतोष रघुवंशी पूर्व मंडी अध्यक्ष करेली के आतिथ्य में संपन्न किया गया। अतिथियों द्वारा चित्रकला और रंगोली का अवलोकन करते हुये मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांग बच्चों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके द्वारा टॉफियां वितरित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, नीबू चम्मच दौड़ में बच्चों द्वारा बढ़ चढ़ कर सहभागिता की गई। दिव्यांग बच्चों, उनके पालकों एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इसके उपरांत प्रथम एवं द्वितिय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरूस्कार वितरित किये गये एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को स्वेटर प्रदान की गई। मंच संचालन दुलीचंद नौरिया व आभार अरविंद वर्मा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर अजीत जाट, ब्रजेश पाराशर, भैया राम चैधरी, कैलाश पटेल, प्रमोद गुमास्ता, मनोहर रजक, हरिओम जाटव, वरूण ओरिया उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया एनसीसी दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में संस्था प्राचार्य जी एस पटेल एवं एनसीसी अधिकारी ए आर राव के मार्गदर्शन में एनसीसी दिवस से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई इसके पश्चात एनसीसी अधिकारी द्वारा अपने एनसीसी प्लाटूंस का निरीक्षण करवाया गया। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर आधारित नाटक एवं एंटी प्लास्टिक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने अपनी भाषण एवं कविता पाठ किया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा ड्रिल का शानदार प्रदर्शन किया गया। संस्था प्राचार्य द्वारा एनसीसी कैडेट्स और उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात खेलकूद, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपलब्धि हासिल करने वाले कैडेट्स को एनसीसी अधिकारी द्वारा संस्था प्राचार्य एवं डॉ. अशोक उदेनिया के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर श्रीमती वंदना जाट, श्रीमती प्रीति पाराशर, आर एन रावत, बी एन पांडे, एवं स्टाफ के अन्य सभी सदस्य, 94 एनसीसी कैडेट्स और स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा ग्राम बहोरीपार पंचायत भवन में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन पुलिस द्वारा ग्राम वासियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा नशे के दुष्परिणामों के बारे मे बताया गया तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उसके उपरांत ग्राम रक्षा समिति के सदस्य बनाए गए।

### योग शिविर मे लिया प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार उत्तराखंड में 23 से 27 नवम्बर तक चल रहें मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में दीपक कुमार चौबे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया गया। शिविर के दौरान योग शिक्षा प्राप्त कर योग गुरु स्वामी रामदेव जी का आर्शीवाद प्राप्त किया। जिला योग समिति अध्यक्ष के. के चतुर्वेदी, जिला योग प्रभारी देवेंद्र ढ़ीमोले जी एवं पतंजलि योग अध्यक्ष ए. पी झारिया सहित शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**तेंदूखेड़ा** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका ने जिले में एक नवाचार प्रस्तुत करते हुए संविधान दिवस के अवसर पर मेरा देश मेरा गर्व एवं कर्म ही पूजा है विषय पर स्कूली छात्र छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित हुई इस परीक्षा में आठ विद्यालय के 60 छात्रों ने भाग लिया था। जिनमें इमझिरा सर्रा पलोहा बड़ा स्कूलों के साथ साथ तेंदूखेड़ा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या हायर सेकेण्डरी सरस्वती शिशु मंदिर और सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा की छात्रा अंजलि पिता संतोष जाटव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सर्वोदय विद्यालय तेंदूखेड़ा की देवांशी पिता रामप्रसाद कुशवाहा ने द्वितीय स्थान पलोह बड़ा की कु अंशिका पिता डालचंद छीपा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इन छात्राओं को क्रमशः 1500 रुपए प्रथम 1000 द्वितीय तथा 500 तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को पुलिस थाना परिसर में एस डी ओ पी मधुर पटैरिया नगर निरीक्षक बलबीर सिंह चौधरी प्रभारी तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत नायब तहसीलदार पारस मिश्रा तथा निर्णायक मंडल के रिटायर्ड शिक्षक एस पी गुप्ता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अपर्णा चौबे डा मनीषा वर्मा की उपस्थिति में सम्मान सहित प्रदान किए गए।इस मौके पर निर्णायक मंडल के वरिष्ठ एस पी गुप्ता ने छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने विषय वस्तु आगे बढ़ने जैसे विंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

## स्कूलों के सामने वाहनों की धमाचौकड़ी

### बाइक की टक्कर से घायल छात्र को आईं गंभीर चोटें

**तेंदूखेड़ा** स्कूल लगने और बंद होने के समय दोपहिया वाहनों की धमाचौकड़ी पर विराम ना लग पाने के आये दिन घटनाएं दुर्घटनायें बढ़ती ही चली जा रही है। और जबाबदार अपनी आंखें बंद करके बैठे हुए हैं। यदि समय रहते इस व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में और भी बड़ी दुर्घटनायें सामने देखने को मिलेंगी। बीते दिवस तेंदूखेड़ा के बाजार क्षेत्र में सर्वोदय विद्यालय में अध्ययनरत सुबह सुबह एक छात्र को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें छात्र को गंभीर चोट आई है। दूसरे दिन जब पीड़ित परिवार के परिजन सक्रिय हुये और पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई तब विद्यालय वाली गली के आस पास दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में अज्ञात बाइक चालक को खंगाला गया। चूंकि इस तरह की घटनाओं को लेकर यदि विद्यालय प्रबंधन से लेकर पालक वर्ग सजग हो जाते हैं तो निश्चित ही लगाम लगाया जा सकता है।साथ ही दुकानों के सामने बाहन खड़ा करके जो चालक चले जाते हैं उन पर भी नियमों का डंडा चलना जरुरी है।

## जो भगवान ने दिया है उससे संतुष्ट रहना ही सही भक्ति है



**तेंदूखेड़ा** नगर की छोटी हरसिद्धि टाल मोहल्ला में पड़ोस के लोगों के सहयोग से सात दिनों तक चली संगीतमय श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह का विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ।कथा के दौरान बाल व्यास पंडित आकाश वैष्णव ने बताया है कि कलयुग केवल ईश्वर का नाम ही सर्वोपरि है।उनका नाम लेने से ही कल्याण हो जाता है। भगवान ने हमें जो दिया है उसी में संतुष्ट रहना चाहिए यह भी एक प्रकार की भक्ति है। हमें जो मिला हुआ है भगवान ने दिया है। कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि यह कथा जन्म-जन्मांतर के अर्जित पुण्यों से ही हमें मिल पाती है। कथा कराने से ज्यादा तो जो जीव कथा परिसर में कथा श्रवण करता है उसका भी उद्धार हो जाता है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। भक्ति को बचपन से ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। मनुष्य को अपने माता-पिता गुरु व अपने श्रेष्ठ का अपमान नहीं करना चाहिए। गुरु ज्ञान का दाता है जो जीवन को परम लक्ष्य परमात्मा से मिलता है। भगवान के तीन रूप है पहला रूप शब्द और भगवान सत्य रूप में है सत्य वही है जो सर्वदा एक समान रहता है । विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ।

## स्वच्छता अभियान का माखौल उड़ाती ग्राम पंचायत



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र में गांव-गांव को साफ सुथरा बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत स्तर पर अनेक कार्य करवाए गए। वहीं गांव के लोगों को जागरूक करने की दिशा में कदम उठाया गया। वहीं शासन की ओर से स्वच्छता के तहत अलग से राशि पंचायतों को पहुंचाई गई। मगर इसका असर ग्राम पंचायत देवनगर पुराना में देखने को नहीं मिला है।देवनगर पुराना गांव के रहवासियों ने बताया कि पंचायत के द्वारा किसी प्रकार की साफ सफाई का कार्य नहीं कराया जाता है,बजबजाती नाली को खुद साफ करना पड़ता है,तभी घरों का गंदा पानी बाहर बह कर निकालता है,ग्रामीण ने बताया यदि नाली की सफाई खुद नहीं करते हैं तो सड़क पर गंदा पानी बहता है, वहीं सड़कें के किनारे जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए है, पंचायत इस दिशा में कोई ध्यान नहीं देती है। इस गंदे सड़क मार्ग से मजबूरी में स्कूल के बच्चे निकलते हैं क्योंकि इसी मार्ग पर हाईस्कूल मौजूद है। नहीं बनवाई कच्ची सड़क-देवनगर पुराना ग्राम पंचायत भवन के सामने से लेकर शासकीय माध्यमिक शाला तक जाने वाले 100 फुट लम्बे सड़क मार्ग को पंचायत ने निर्मित नहीं करवाया। जिसके कारण सड़क मार्ग पर दलदल युक्त कीचड़ की स्थिति बनी रहती है और सड़क पर रहवासियों का गंदा पानी बहता है, इसी मार्ग पर आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ग्राम पंचायत भवन होने के बाद भी पंचायत के द्वारा उक्त सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है,इस पंचायत के गांव में जगह-जगह पर गंदगी फैली हुई है गांव के लोग कहते है कि कई बार पंचायत को समुचित कदम उठाने के लिए कहा जाता है। मगर उसके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसके कारण गांव में स्वच्छता पूरी तरह से खत्म हो गई है।

## ठेकेदार की मनमानी का शिकार पेयजल योजना, ग्रामवासी परेशान




**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेमी का मामला जहां पंचायत में लोगो को घरों में स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने हेतु शासन द्वारा पीएचई विभाग के माध्यम से कई लाखों रुपए की लागत से वाटर सप्लाई की व्यवस्था आदि की गई है।किंतु ठेकेदार द्वारा समय पर जमीन के अंदर पाईप लाईन बिछाने का कार्य ना हो पाने की स्थिति में इन दिनों ठेमी पंचायत के वाशिंदे वाटर सप्लाई की सुविधा का लाभ मिलने से वंचित है। संबंधित ठेकेदार द्वारा इस कार्य वावत कोई रुचि नहीं लेने से ग्रामवासी पेयजल के लिए परेशान होते हैं।इस जटिल समस्या से जूझ रहे गांव के नागरिक बतलाते हैं कि यहां पर लोगों को घर-घर स्वच्छ पेयजल मुहैया कराई जाने हेतु ठेकेदार को कार्य दिया गया था परंतु आज दिनांक तक पाईप लाईन बिछाने की कोई उचित व्यवस्था ना हो पाने के कारण लाखों रुपए की इस योजना में पलीता लग रहा है ग्रामीणजनो को पेयजल सुविधा को लेकर मात्र एक सहारा शासकीय हैंड पंप सिद्ध हो रहे है, उक्त कार्य को छीदामानी गांव के व्यक्ति ने ठेके पर लिया है,परंतु ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना काम पर उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। और जो काम किया गया है वह भी गुणवत्ता हीन हुआ है जगह-जगह से बिछाए गए पाइप लीकेज कर रहे, कहीं नल लगाकर टूटी लगाना भूल गए, ग्राम सरपंच बताते हैं पेयजल योजना का कार्य आधा अधूरा पड़ा है,जिससे ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।